NCRES

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

R. P. Singh
Gen. Secretary
&
Joint Gen. Secretary-NFIR

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 95/ NCRES/84/23 Date : 15.5.2023

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय : नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में LP दवाओं का समय से न मिल पाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि वर्तमान में प्रयागराज स्थित नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में मरीजो को लोकल परचेज (LP) की दवायें समय से न मिलने व पूरी दवायें एक साथ न मिलने से मरीजो को रोज लाइन लगाना पड़ रहा है। यह भी ध्यान देने की बात है कि LP की दवायें दस दिन बाद भी न मिल पाने से मरीजो को परेशानी हो रही है, व उन्हें स्वयं दवाये खरीदना पड़ता है।

NCRES को जब मरीजो ने अपनी परेशानी बताई तब पता करने पर संज्ञान में आया कि LP दवाओं के लिये मात्र एक फर्म को ठेका दिया गया है जो मनमानी कर रहा है एवं तमाम तरह के तर्क देकर दवाओं को देने से मना कर रहा है।

NCRES ने पूर्व में पी.एन.एम. में भी यह बात उठायी है कि एक फर्म को ठेका देने से जहां फर्म की मनमानी एवं मरीजो को परेशानी होगी वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। पूर्व में LP दवाओं की सप्लाई का ठेका एक साथ तीन फर्मो को दिया जाता था, जिससे एक फर्म का दूसरे फर्म से कम्पटीशन के कारण जहां दवा के दाम में छूट से रेल राजस्व में वृद्धि होती थी वहीं दूसरी ओर कोई दवा यदि एक फर्म नही दे पाती थी तो दूसरी फर्म से लेकर वह दवा मरीजो को दे दी जाती थी।

अतः NCRES की मांग है कि मरीजो की सुविधा, रेल राजस्व में वृद्धि एवं भ्रष्टाचार पर रोक के लिये केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में एक LP दवा की सप्लाई में सुधार किया जाय व एक फर्म का बजाय पूर्व की तरह तीन फर्म को ठेका देने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करें। आदेश पत्र की प्रतिलिपि NCRES को भी प्रेषित करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री